# पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से राजभाषा शील्ड पुरस्कार

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन आता है । एक केंद्र सरकारी कार्यालय होने के नाते राजभाषा कार्यान्वयन उचित एवं सही ढंग से निभाना कंपनी का उत्तरदायित्व है। राजभाषा कार्यान्वयन के सर्वोत्तम निष्पादन केलिए मंत्रालय के स्तर पर राजभाषा शील्ड पुरस्कार संस्थापित किया गया है। मंत्रालय के अधीन सभी कार्यालयों के बीच बेहतर ढंग से राजभाषा निष्पादन करनेवाले प्रथम तीन कार्यालयों को पुरस्कार सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार मुख्य रूप से मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समितियों की बैठकों के दौरान प्रदान किया जाता है। यह शील्ड मंत्रालय के अधीन आनेवाले 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में स्थित केंद्र सरकारी कार्यालयों के बीच आबंटित किया जाता है ।

कोचीन शिपयार्ड को गत वर्षों में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से राजभाषा के सर्वोत्तम कार्य-निष्पादन केलिए 'ग' क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार मिलता आ रहा है ।